हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

11 रेलवे स्टेशन पर निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

12 बाजार में बेरिकेड्स बेअसर, दिनभर जाम


Sehgal Art Gallery
Shop No. 10,11, Red Cross Market, Old Tehsil, Jhajjar | M. 9812839098
हमारे यहां घर, होटल, स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम आदि की पेंटिंग से सजावट के लिए संपर्क करें। नोट: हर प्रकार की हाथ से बनी हुई कैनवास पेंटिंग उपलब्ध हैं।
व्यक्तिगत फोटो व कोई भी चित्र बनवाने के लिए संपर्क करें।


## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन शॉपिंग करते समय रहें सतर्क : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि त्योहारी सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ जाता है और इसी दौरान ठग बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या इनाम के नाम पर लोगों से ठगी करने का प्रयास करते हैं। यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी या साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाता है तो वह तुरंत गृह मंत्रालय की हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अंजान कॉल या संदेशों में आए ऑफर पर भरोसा न करें और अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।


स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसी झज्जर।

### ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए 15 तक करें आवेदन

**झज्जर।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उम्मीदवार इस प्रशिक्षण के लिए 15 अक्टूबर तक निगम के जिला कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके साथ ही परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए तक होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य रखी गई है।

### पटाखों से दूर रहकर पर्यावरण बचाएं

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि दीपावली पर आतिशबाजी से दूरी बनाकर स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त त्योहार मनाएं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। झज्जर जिला भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है, इसलिए यहां यह प्रतिबंध सख्ती से लागू रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में निगरानी बढ़ाई जाए।

## पुलिसकर्मी बता घर में घुसे 3 बदमाश, फायरिंग से दहशत

**दुर्गा कॉलोनी में पुलिस का नाम लेकर दरवाजा खुलवाया और भाई-बहन को डंडों से पीटा, गोलियां चलाकर भागे**

### हत्या के केस में जमानत पर आया था युवक, अपहरण कर ले जाना चाहते थे हमलावर

- मोहल्ले के लोगों के आने के बाद कार में भागे हमलावर
- हत्या के केस में रंजिश से जोड़कर देख रहे पूरा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में आपराधिक वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। आए दिन यहां चोरी, लूटमार और अन्य आपराधिक वारदात हो रही हैं। बीती रात को यहां दुर्गा कॉलोनी में एक मकान में घुसकर परिवार के साथ मारपीट के साथ-साथ फायरिंग भी की गई। खुद को पुलिस बताने वाले तीन शातिर हमलावर हत्या के मामले में जमानत पर चल रहे एक युवक को अपने साथ जबरन ले जाना चाह रहे थे। दरअसल, करीब डेढ़ वर्ष पहले सिटी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या हुई थी। हत्या के उस मामले में शामिल कई आरोपियों में दुर्गा कॉलोनी का निवासी राजू भी नामजद है। अभी चंद महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। बताते हैं कि वीरवार रात करीब 12 बजे एक कार उनके मकान के नजदीक आकर रुकी। गाड़ी से उतरकर हमलावरों ने दरवाजा खटखटाया। उन्होंने खुद को हरियाणा पुलिस बताते हुए दरवाजा खोलने को कहा। परिवार के सदस्यों ने दरवाजा खोला तो हमलावर मकान में घुस गए और राजू को बाहर निकाल अपहरण की मंशा से ले जाने लगे। उसे छुड़वाने आए बड़े भाई राहुल व बहन पर भी डंडों व बिट्टों से हमला कर दिया गया। शोर सुनकर जब आसपास लोग जुटने लगे तो हमलावरों ने हथियार निकाल कर फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भागने लगे। इस दौरान उनके कुछ कारतूस भी वहीं गिर गए। हमलावर कौन थे, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। चूंकि राजू पर आपराधिक केस दर्ज है तो मामले को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है।



बहादुरगढ़। दुर्गा कॉलोनी में बदमाशों के हमले में घायल भाई-बहन तथा मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### सीसीटीवी चेक कर रही पुलिस

सूचना पाकर लाइनपार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से पुलिस ने कुछ खोल बरामद किए हैं। हमलावरों की पहचान के लिए आसपास सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। वारदात के कई घंटे बाद शुक्रवार की सुबह फोरेंसिक टीम मौके पर साक्ष्य जुटाने आई। लाइनपार थाना प्रभारी परमजीत का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

## होटल में अवैध रूप से पिलाई जा रही शराब

### सीएम फ्लाइंग ने छापा मारा

- होटल संचालक नहीं दिखा सका शराब पिलाने संबंधित वैध परमिट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में होटलों व ढाबों की आड़ में शराब पिलाई जा रही है। समय-समय पर हुई छापामार कार्रवाई के दौरान ऐसा देखने को मिला है। अब एक और ऐसा ही मामला कसार में सामने आया है।

आबकारी विभाग और सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने यह छापामार कार्रवाई की। टीम में आबकारी निरीक्षक होशियार सिंह व सीएम फ्लाइंग से एसआई धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल थे। वीरवार रात को टीम ने कसार स्थित एक होटल पर दबिश दी। जांच के दौरान होटल में आधा दर्जन से अधिक आदमी शराब व बीयर पीते हुए मिले। टीम को देखकर वे चंपत हो गए। इसके बाद टीम ने होटल संचालक से शराब पिलाने संबंधित लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। आरोपी होटल संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज किया गया है। स्थानीय पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।


बहादुरगढ़। होटल के एक कोने में पड़ी शराब की खाली बोतलें। फोटो : हरिभूमि

### स्कूटी, बाइक और थ्रीव्हीलर चोरी

**बहादुरगढ़।** बालोर रोड निवासी प्रमोद ने शिकायत दी कि वह 9 अक्टूबर को नजफगढ़ रोड स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने गया था। बाहर सड़क किनारे स्कूटी खड़ी कर दी। स्कूटी की डिग्गी में टैब भी था। कुछ देर बाद बाहर निकला तो स्कूटी चोरी हो चुकी थी। वहीं, डाबोदा निवासी जतिन ने कहा कि शाम को उसने अपनी बाइक मकान के अंदर खड़ी की थी। अगली सुबह जब देखा तो बाइक नहीं थी और गेट खुला हुआ था। काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। कोई घर के अंदर घुसकर बाइक चुरा ले गया। इस शिकायत पर सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, रोहद गांव के निवासी जगबीर का कहना है कि 9 अक्टूबर की शाम को मकान के बाहर ऑटो खड़ा किया था। कोई चुरा ले गया। आसौदा पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## रजवाहे में गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

- सासरौली गांव में अपने घर के सामने बच्चों संग खेलते हुए रजवाहे में गिरी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सासरौली में वीरवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। घर के बाहर खेल रही डेढ़ वर्षीय सिया खेलते-खेलते अचानक घर के सामने से गुजर रहे रजवाहे में जा गिरी, जिस कारण कुछ ही देर में मासूम की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जब सिया देर तक घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसे आसपास तलाशना शुरू किया। खोजबीन के दौरान सिया का शव रजवाहे में मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि बच्ची के पिता सतीश एक प्राइवेट बैंक में नौकरी करते हैं। सिया अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

## ज्वेलरी शोरूम से करोड़ों की चोरी में नहीं मिला कोई सुराग

### पीड़ित ने अब नुकसान पांच करोड़ से ज्यादा का बताया, दिल्ली पुलिस से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कोमल ज्वेलर्स के शोरूम में करोड़ों की चोरी की वारदात को सुलझाने में पुलिस लगातार भागदौड़ कर रही है। बहादुरगढ़ से लेकर दिल्ली तक के कैमरे खंगाले जा चुके हैं, लेकिन मामले में पुलिस को फिलहाल सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि पुलिस द्वारा जल्द वारदात सुलझाने का दावा किया जा रहा है। चोरों की पहचान कर उन तक पहुंचने के लिए स्थानीय पुलिस दिल्ली का भी रुख करते हुए वहां की पुलिस से मदद ले रही है। वहां सर्च अभियान भी चला रही है। दरअसल, शातिर बदमाश बॉर्डर का भी बेहद लाभ उठाते हैं। अक्सर दिल्ली में वारदात करने के बाद चोर इधर बहादुरगढ़ की तरफ रुख कर लेते हैं तो कई बार यहां वारदात करने के बाद बदमाश दिल्ली भाग जाते हैं। इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं। कई मौकों पर दिल्ली, हरियाणा की पुलिस ने संयुक्त प्रयासों से मामले भी सुलझाए हैं। लिहाजा इस मामले में भी यही उम्मीद है कि तालमेल के साथ चोरों का सुराग लग जाए और वारदात सुलझ जाए। बहरहाल, मामले में फिलहाल स्थिति जस की तस है।

#### चोरों की कार पर फर्जी नंबर प्लेट थी

जिस कार में सवार होकर चोर आए थे, उस पर दिल्ली नंबर की जाली प्लेट थी। उस नंबर प्लेट से संबंधित असल कार फिलहाल मध्य प्रदेश में है। कुछ दिन पहले ही वह दिल्ली से बेची गई है। सुबह सवेरे चोरों द्वारा वारदात करने के बाद निकल जाना, नाकों की जांच पर भी सवालिया निशान उठा रहा है।

#### दो किलो सोना व 30 किलो चांदी चुराई थी

दरअसल, बुधवार की अल सुबह करीब पौने चार बजे कबाड़ी मार्केट स्थित कोमल ज्वेलर्स में चोरी की वारदात हो गई थी। वैगनआर कार में सवार होकर आए पांच चोर शटर व ताले तोड़कर शोरूम में से दो किलो सोना, 30 किलो चांदी, चार लाख की नकदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए थे।

#### दिनेश कौशिक ने सीएम तक पहुंचाया मामला

*बहादुरगढ़। मेन बाजार स्थित कोमल ज्वेलर्स की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी की वारदात के दो दिन बीत जाने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार में रोष और चिंता का माहौल है। शुक्रवार सुबह पीड़ित दुकानदार ने भाजपा नेता दिनेश कौशिक से मुलाकात की। पीड़ित ज्वेलर्स ने बताया कि चोरी के दो दिन बाद भी पुलिस अपराधियों तक नहीं पहुंच पाई है। इससे उन्हें भारी मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। दुकानदार के आकलन के अनुसार करीब 5 करोड़ 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। उन्होंने जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर आभूषणों की बरामदगी करने की मांग की। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से फोन पर बात कर पूरे मामले की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी की जाएगी। दिनेश कौशिक ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से भी बात कर उन्हें घटना की पूरी जानकारी दी। कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

**मातृ शक्ति : शिल्पकला के संरक्षण व संवर्धन के साथ घर की आजीविका भी चला रही आधी आबादी**

## हाथ के हुनर के दम पर महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

- करवा चौथ व्रत के बावजूद दस दिवसीय नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव में डटी रहीं नारी शक्ति, महिलाओं की हस्तशिल्प कला को शहरवासी खूब सराह रहे

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

नारी को सशक्त बनाने में हस्तशिल्प कला भी अहम भूमिका निभा रही है। एक तरफ जहां सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से महिलाएं आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

वहीं दूसरी तरफ हाथ के हुनर से महिला शिल्पकार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ ही आमदनी भी कर रही हैं। करवा चौथ के व्रत के बावजूद नारी शक्ति शहर के सेक्टर-6 में स्थित कम्युनिटी सेंटर में चल रही दस दिवसीय नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी में डटी रहीं।

नेशनल मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी अर्चना पंवार शहर के विजया स्कूल में आर्ट टीचर के रूप में कार्यरत हैं। करीब 35 साल पहले पेपर आर्ट व क्ले आर्ट से जुड़ी अर्चना के पिता सरदार सिंह पैटर्न मेकर थे। जिनकी प्रेरणा से उन्होंने दिल्ली के बुनकर भवन से डिप्लोमा प्राप्त किया था। घड़ीसाज के रूप में विख्यात उनके ससुर लेखराज ने भी शादी के बाद उनका उत्साहवर्धन किया। हरियाणा सरकार ने उन्हें राज्य स्तरीय शिल्प सम्मान-2014 के लिए चुना था। उन्होंने क्ले से एक जंगल का सजीव मॉडल तैयार किया था। अर्चना को मिट्टी से प्यार है, उनके हाथों की अंगुलियों में गजब का हुनर है, उनकी सोच रचनात्मक है।


बहादुरगढ़। अपना स्टॉल संभाल रहीं ममता त्रिपाठी, अर्चना पंवार व परविंद्र कौर।

### फेबरिक पेंटिंग में जान डालती हैं परविंद्र कौर

पंजाब के लुधियाना की परविंद्र कौर वर्ष 2008 में कला के क्षेत्र में आईं। वे प्रदर्शनी में कला के प्रचार के अलावा कार्यशाला लगा कर युवाओं को भी फेबरिक पेंटिंग के गुर सिखाने में व्यस्त रहती हैं। हालांकि उन्हें पंजाब सरकार द्वारा समुचित प्रोत्साहन नहीं मिलने का मलाल जरूर है। प्रदर्शनियों से लेकर कला-संस्कृति से जुड़े आयोजनों में उनकी कला बखूबी सराही जाती है। बिगड़ती सेहत के बावजूद कठिनतर जीवनशैली से परहेज नहीं किया।

### क्ले आर्ट में ममता त्रिपाठी ने बनाई पहचान

मूल रूप से उत्तरप्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली ममता त्रिपाठी कई साल पहले बहादुरगढ़ में लगने वाली आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी देखने आई। अर्चना पंवार और चंद्रकांत बोंदवाल के संपर्क में आई ममता ने क्ले आर्ट का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने सिरेमिक पाउडर से पेंटिंग्स भी बनाई, लेकिन फिर वह मिट्टी के आभूषण बनाने लगीं। आज उनके हाथ एक से बढ़कर एक कलाकृतियां बना रहे हैं। जिसे देखते ही महिलाएं मोहित हो जाती हैं। बीते दिनों सीएम नायब सैनी के हाथों स्टेट अवॉर्ड प्राप्त कर चुकीं ममता के अनुसार उत्तर भारत में क्ले आर्ट की एक वृहद परम्परा रही है। हालांकि यह आधुनिकता के दौर में इसके संरक्षण के लिए जागरूकता की जरूरत है।



बहादुरगढ़। उन्नति समूह से जुड़ी ब्लॉक पेंटिंग करने वालीं मानता व स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए उत्पाद दिखातीं प्रेमलता। फोटो : हरिभूमि

### उन्नति की कला को पीएम ने भी सराहा

लाखन माजरा के उन्नति स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मानता ने बताया कि बीते 8 सालों से दर्जनों महिलाएं ब्लॉक प्रिंटिंग व जूट बैग आदि बनाने में जुटी हैं। खाली समय में परिवार की आय का जरिया बन रही हैं। उन्होंने कोरोना काल में खूब मास्क भी बनाए थे। गत वर्ष मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनका नाम लेकर उनसे बात की थी। समूहों का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार की औरतों को आर्थिक तौर पर ऊपर उठने में सहायता करना है। इस तरह कला के संवर्धन और गरीब परिवारों की आजीविका का साधन बन रहे हैं ये स्वयं सहायता समूह।

### कुटीर उद्योग से मिली महिलाओं को शक्ति

गांव बीर-बरकताबाद की प्रेमलता ने बताया कि शिव शक्ति सेल्फ हेल्प ग्रुप में 11 महिलाएं कार्यरत हैं। इनमें हर महिला करीब 3 से 10 हजार रुपये तक कमा रही हैं। वर्ष 2017 में शुरू हुआ यह ग्रुप फिनाइल के अलावा अचार, हैंडवॉश, डिश वॉश, डिटर्जेंट और साबुन तैयार कर रहा है। वे इस कुटिर उद्योग के माध्यम से उचित मुनाफे के साथ घर भी चला रही हैं। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं का यह समूह उत्पाद तैयार करके प्रदर्शनियों व ऑर्डर पर सेल करता है। आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर रही गांव के 9 सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाएं मिलकर नई सोच नाम के संगठन की सदस्य भी हैं।

## गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्त घायल

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हांसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायलों की पहचान सचिन व यशांत के रूप में हुई है। दोनों कबलाना के रहने वाले हैं। जानकारी का अनुसार, सचिन और यशांत बाइक पर सवार होकर कबलाना से दुल्हेड़ा जा रहे थे। जब दुल्हेड़ा में पहुंचे तो गाड़ी की चपेट में आ गए। दोनों को काफी चोट आई। इन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए हांसी के अस्पताल में भर्ती करा दिए। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में गई और घायलों के बयान लिए। सचिन का कहना है कि गाड़ी तेज गति में थी। चालक की लापरवाही के कारण गाड़ी अनियंत्रित हुई और हमसे टकरा गई। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से आशीर्वाद लेते प्रदीप यादव व अन्य।

### प्रदीप ने लिया पूर्व सीएम का आशीर्वाद

**बहादुरगढ़।** हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और हाल ही में नियुक्त हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप यादव ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की। यादव ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को समर्पण और सेवाभाव से निभाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदीप यादव को उनके सक्रिय योगदान के लिए बधाई दी। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया के अलावा वेद प्रधान, श्रीनिवास गुप्ता, राज पहलवान, सुरेश राठी, प्रवीण मान, वीरेंद्र मलिक, संदीप दहिया, धर्मेंद्र राणा, पंकज फौगाट, वरुण राठी, राजेश कलसन आदि उपस्थित रहे।

### श्रीश्याम भजनामृत महोत्सव 25 को

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में आगामी 25 अक्टूबर को श्री श्री श्याम प्रेमी परिवार की ओर से प्रथम श्रीश्याम भजनामृत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता के बिट्टू राजपूत, टोहाना के लक्ष्य सेन, रोहद धाम के धर्मेश, झूंझनू के कुमार देवेंद्र, झज्जर की दामिनी पांचाल अपने मधुर भजनों से बाबा की महिमा का बखान करेंगे। डिंपी राम मंच संचालन करेंगे। बालाजी मंदिर के महंत गणेश महाराज, चुलकाना धाम के देवेंद्र पुजारी, जोरासी धाम के कमल पुजारी, खाटूधाम बहादुरगढ़ के गीताराम, रोहद धाम के विष्णु पुजारी, प्राचीन श्रीश्याम विश्राम स्थल के पंडित किशन स्वरूप बृतजवसी, श्याम सेवक हरिओम मुदगिल के सानिध्य में यह आयोजन होगा। इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, खीर चूरमा व छप्पन भोग आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# हरियाणा वुमन फुटबॉल टीम ने नेशनल के लिए किया क्वालीफाई




बहादुरगढ़। कोच व मैनेजर के साथ हरियाणा की टीम।

## छत्तीसगढ़ में चल रहे मुकाबलों में दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छत्तीसगढ़ में चल रहे मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर हरियाणा सीनियर वुमन फुटबॉल टीम ने नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल गेम्स मेघालय में होंगे। चयन पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

### हल्द्वानी में मुकाबलों में 32 टीमों ने लिया हिस्सा

*दरअसल, पिछले कुछ समय से चैंपियनशिप के लिए नेशनल राउंड चल रहे हैं। पहले हल्द्वानी में मुकाबले हुए थे, जिनमें 32 टीमों ने भाग लिया था। वहां से दस टीमें जीतकर आगे बढ़ीं। हाल ही में छत्तीसगढ़ में इन दस टीमों के बीच मुकाबले हुए। जिनमें से आठ टीमें आगे के लिए चयनित कर ली गई हैं। इस राउंड में हरियाणा की टीम का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। हरियाणा सीनियर वुमन टीम ने अपने अंतिम मैच में पंजाब को 7-3 के अंतर से हराकर नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम के हेड कोच सुदर्शन सिंह, सहायक कोच विनय जून, मैनेजर मुनेश कुमारी रही। कोच सुदर्शन ने इस जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों और समर्थकों को दिया। कोच ने कहा कि नेशनल गेम्स मेघालय में होंगे। हमारी कोशिश ट्रॉफी जीतने की है। इसके लिए कड़ी मेहनत करेंगे।*

**खास बातें**

- खिलाड़ी अब मेघालय में देंगी चुनौती
- अंतिम मैच में पंजाब को 7-3 के अंतर से हराया
- जीत का श्रेय खिलाड़ियों के परिश्रम को दिया

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजी शिकायत

# रेलवे स्टेशन पर निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

» *दैनिक यात्रियों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए रेल मंत्रालय ने दिए जांच के आदेश*

» *आरोप- सर्कुलेटिंग एरिया पर नाममात्र की कंक्रीट की परत डालकर काम पूरा करने की कोशिश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर बनाए जा रहे सर्कुलेटिंग एरिया के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय दैनिक रेल यात्रियों, ई-रिक्शा चालकों और ऑटो चालकों ने आरोप लगाया है कि सर्कुलेटिंग एरिया पर नाममात्र की कंक्रीट की परत डालकर काम पूरा करने की कोशिश की जा रही है, जिससे भविष्य में सड़क की मजबूती पर असर पड़ सकता है।

दैनिक यात्रियों सुरेंद्र, पवन, गुरदास और सुनील आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर निर्माण के दौरान बेहद निम्न स्तर की कंक्रीट सामग्री प्रयोग हो रही है। स्टेशन के बाहर का यह एरिया हजारों यात्रियों और वाहनों के रोजाना आवागमन का केंद्र है, ऐसे में कमजोर निर्माण भविष्य में दुर्घटनाओं और परेशानियों का कारण बन सकता है।



**खास बातें**

- कमजोर निर्माण दुर्घटनाओं और परेशानियों का बन सकता है कारण
- टीम इस्तेमाल की जा रही सामग्री की समीक्षा करेगी

### मंडल प्रबंधक को दिए निर्देश

*ई-रिक्शा और ऑटो चालकों ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वे रोजाना स्टेशन परिसर से सवारियां लेकर जाते हैं, लेकिन सड़क पर डाली जा रही पतली परत और अधूरी समतलता के कारण वाहन फिसलने का खतरा बना हुआ है। इन शिकायतों को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय को अवगत कराया। शिकायत के बाद रेल मंत्रालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली रेल मंडल के मंडल प्रबंधक को जांच के आदेश जारी किए हैं।*

### जल्द जांच टीम आने की संभावना

*दैनिक रेल यात्रियों के अनुसार जांच टीम जल्द ही बहादुरगढ़ स्टेशन का दौरा कर निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा करेगी। स्थानीय नागरिकों के अनुसार वे चाहते हैं कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्य पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हों, ताकि स्टेशन का सौंदर्यीकरण और यात्रियों की सुविधा के लक्ष्य पूरे हो सकें। फिलहाल यात्रियों और स्थानीय लोगों में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर असंतोष का माहौल बना हुआ है।*

# हरियाणा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से मिले आर्यन

*डूसू के नवनिर्वाचित प्रधान ने छात्रों की सुविधाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष आर्यन मान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से स्नेहपूर्ण भेंट की। इस दौरान उनके साथ छात्रों की सुविधाओं, शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं और युवाओं की भागीदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पुष्कर सिंह धामी ने आर्यन मान को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनकी मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील, एकता के महामंत्र के साथ छात्रों की शक्ति से राष्ट्र निर्माण में निरंतर प्रयत्नशील अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता युवाओं को देशभक्ति, समाज सेवा और शिक्षा के प्रति जागरूक बना रहे हैं।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते आर्यन मान।



बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मिलते आर्यन मान।

### समस्याओं का निष्ठा से करेंगे समाधानः आर्यन

*सीएम सैनी और धामी ने विश्वास जताया कि आर्यन मान अपनी सक्रियता से छात्रों की शक्ति को राष्ट्र की शक्ति में बदलने की दिशा में अहम योगदान देंगे। मुलाकात के बाद आर्यन मान ने कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों से मिला आशीर्वाद और प्रेरणा उन्हें और बेहतर कार्य करने की ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र की समस्या के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। छात्रों को बेहतर माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका प्रमुख ध्येय है। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्रहितों को प्राथमिकता देते हुए वे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।*

## ट्रक की चपेट में आने से जीजा-साली घायल

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में बाइक सवार जीजा-साली एक ट्रक की चपेट में आ गए। दोनों को काफी चोट आई। साली की हालत गंभीर है। उसे रेवाड़ी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बादली थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घायल की पहचान अंशु के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के जेवर की रहने वाली है। अंशु का कहना है कि उसकी बहन की शादी झज्जर जिले के ग्वालिसन गांव में हुई है। वह अपनी बहन से मिलने आई थी। बहादुरगढ़ से जीजा के साथ बाइक पर सवार होकर चल दी। दुल्हेड़ा में पहुंचे तो पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे हम बाइक सहित गिर गए और टायरों के बीच एक्सेल में फंस गए। लोगों द्वारा शोर मचाने पर चालक ने ट्रक रोका और वहां से चंपत हो गया। इसके बाद हमें अस्पताल ले जाया गया। मेरी हालत गंभीर थी। इसलिए परिजनों ने रेवाड़ी स्थित अस्पताल में भर्ती करा दी। उधर, बादली थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। अब सेहत में सुधार होने पर अंशु ने बयान दिए। जिसके बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की मांग

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी के अनुसार बहादुरगढ़ में भू-माफियाओं द्वारा अवैध कॉलोनी काटने का सिलसिला जारी है। शहर की बैंक कॉलोनी से लेकर सेक्टर-9ए बाईपास पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। सैनी ने कहा कि प्रशासन इस पर तुरंत संज्ञान लें। वे सीएम को भी बताएंगे कि सत्ता की आड़ लेकर कुछ लोग गलत कामों को बढ़ावा दे रहे हैं। नायब सरकार में किसी को अवैध कॉलोनी काटने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# 100 एकड़ से ज्यादा जमीन में जलभराव का उचित मुआवजा देने की मांग

**पीड़ित किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जलभराव से पीड़ित गांव सिद्दीपुर लोवा कलां के किसानों ने शुक्रवार को एसडीएम नसीब कुमार से मुलाकात कर जल निकासी की गुहार लगाई। जलभराव से करीब सौ एकड़ खेतों में खड़ी बाजरा, ज्वार और धान जैसी फसलों को भारी नुकसान हुआ है और अगली बिजाई भी संकट में है।

किसान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शीतल मान के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों की पहली मांग यह थी की 100 एकड़ से ज्यादा जमीन में जलभराव है। करीब 2 से 6 फुट तक भरे पानी को निकालने के लिए पर्याप्त मोटर और पाइप आदि लगाए जाएं।



बहादुरगढ़। एसडीएम से खेतों में भरा पानी निकलवाने की मांग करते किसान।

### दिया आश्वासन, तीन दिन में होगा समाधान

*किसानों की फसलों के नुकसान का सरकार उचित मुआवजा देकर क्षतिपूर्ति करे। शीतल मान के साथ रोहतास मान, नीटू, महावीर मान, सुभाष मान, रणबीर मान, बाले, नरेश मान, पुजारी, नान्हा, विकास मान, रिशाल, देवेंद्र मान, जितेंद्र मान, प्रवीन मान, मुकुल मान, लव, सुधांशु, प्रीत व ज्ञासी मान आदि एसडीएम से मिले। किसानों ने कहा कि जल्द जलनिकासी नहीं हुई तो वे एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे। एसडीएम नसीब कुमार ने आश्वस्त किया कि दो-तीन दिन के अंदर किसानों की समस्या का निदान किया जाएगा।*



बहादुरगढ़। भंडारे में प्रसाद वितरित करते विधायक राजेश जून।

## विधायक ने पिता की जयंती पर लगाया भंडारा

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून के पिता स्व. भूप सिंह जून की 88वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया। इसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और भूप सिंह जून को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक राजेश जून कहा कि उनके दिवंगत पिता ने सदैव समाज सेवा और धार्मिक कार्यों को प्राथमिकता दी। समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को जीवंत बनाए रखा। पूरा परिवार आज भी उनके दिखाए मार्ग और संस्कारों पर चलते हुए समाजहित में कार्य कर रहा है। राजेश जून ने कहा कि उनके पिता के आदर्श सदैव समाजसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे। भंडारे में राकेश, सुदेश, मुंडू पहलवान, लीलू नंबरदार और प्रकाश ने प्रसाद वितरण का सेवा कार्य किया।

# तन के साथ मन को स्वस्थ रखना जरूरी

**फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम**

- कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य और कविता की प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर उत्साह के साथ मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार विषय पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया गया।

शुक्रवार को हुए कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा के दौरान नुक्कड़ नाटक, कविता, नृत्य और योग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने, सकारात्मक सोच विकसित करने और अपने मन की बात सांझा करने की प्रेरणा दी। विद्यालय में एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों से मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने कहा कि स्वस्थ मन, स्वस्थ जीवन की पहली शर्त है। सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे और सकारात्मक वातावरण बनाएंगे।




बहादुरगढ़। फाउंडेशन स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करते विद्यार्थी।

## आईपीएस की आत्महत्या पर शीला ने उठाए सवाल

**बहादुरगढ़।** इनेलो की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने आईपीएस वाई पूरण कुमार द्वारा जातिवादी भेदभाव के कारण की गई आत्महत्या पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुखद और शर्मनाक करार दिया। सरकार की संवेदनहीनता ने पूरे प्रदेश को असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। शीला राठी ने कहा कि एक आईपीएस द्वारा आत्महत्या करना बीजेपी सरकार की पूर्ण विफलता और पूरे सिस्टम की नाकामी को उजागर करता है। आत्महत्या से पहले आईपीएस अधिकारी द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट साफ़ करता है कि उन्हें दलित होने के कारण भेदभाव झेलना पड़ा। वर्तमान सरकार में दलित समुदाय के प्रति अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी हैं। जब प्रदेश की सुरक्षा संभालने वाले अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती।



शीला राठी

**धर्म-कर्म** | करवा चौथ पर पति की दीर्घायु की कामना से रखा निर्जल व्रत

# करवा चौथ का व्रत रख सुहागिनों ने चांद से मांगा सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

सुहागिनों ने करवा चौथ पर शुक्रवार को निर्जला व्रत रखा और चांद को अर्घ्य देकर पति की लंबी उम्र की कामना की। बाजार में करवा चौथ के मद्देनजर चहल-पहल रही। ब्यूटी पार्लर और बाजार में खासी रौनक रही। महिलाएं मेहंदी रचाने और मेकअप करवाने में लगी रहीं। वहीं देर शाम महिलाएं चांद के दीदार के लिए छतों पर दिखी। अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करते हुए शुक्रवार को सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत रखा। दरअसल, इस व्रत में सुहागन स्त्रियों के लिए श्रृंगार का विशेष महत्व माना गया है। इस मौके पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं के कई समूहों ने अपने अंदाज में करवा चौथ सेलिब्रेट किया। सुहागिनों ने सुहाग की सलामती के लिए व्रत रखा और दोपहर में चौथ माता की कहानी सुनी। रात्रि में चंद्र दर्शन कर अर्ध्य देकर व्रत खोला। करवा चौथ व्रत को लेकर नववाहित महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सवेरे से ही हाथों में चूडियां, मेहंदी व नए वस्त्रों में सजी नजर आई। विवाहिताओं ने छत पर चढ़कर चांद देखने के बाद भोजन किया। वहीं पति के दीघार्यु की कामना की।



बहादुरगढ़। करवा चौथ पर पूजा अर्चना करती सुहागन महिलाएं।

## निकिता अरोड़ा को मिला मिसेज करवा चौथ अवॉर्ड

- एलए स्कूल में अध्यापिकाओं ने स्कूल में सुनीं करवा चौथ कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुहागिन महिलाओं के पावन पर्व करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सातवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अपनी-अपनी कक्षा की अध्यापिकाओं के हाथों पर मेहंदी लगाई। परिणामों में लक्ष्या कादियान, राशि, स्नेहा, खुशी व वंदना की मेहंदी को प्रथम स्थान मिला।



झज्जर। कथा सुनने उपरांत सूर्यदेव को अर्घ्य देते हुए अध्यापिकाएं।

### विजेताओं को किया सम्मानित

*इसके उपरांत मुकेश शर्मा व मंजू शर्मा ने सुहागिन अध्यापिकाओं को करवा चौथ की कथा सुनाई। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया व स्कूल प्रबंधक केएम डागर द्वारा सभी विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यापिका निकिता अरोड़ा को मिसेज करवा चौथ अवॉर्ड से भी नवाजा गया।*

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद विवि में योग क्लब कक्षाओं का शुभारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में आज योग क्लब कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। ये योग कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक टैगोर ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।योग केवल एक व्यायाम नहीं, यह जीवन जीने की कला है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक है। योग क्लब छात्रों को विविध अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे योग के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। योग क्लब प्रभारी नरेश अहलावत ने जानकारी दी कि क्लब द्वारा दैनिक योग सत्रों के अलावा परीक्षा काल में तनाव मुक्ति सत्र, "योग युक्त, मोटापा मुक्त" अभियान, विभागीय जागरूकता कार्यक्रम, तथा विद्यालयों व गांवों में आउटरीच गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

*बाजार के अंदर चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लग पाने के कारण बनी रही अव्यवस्था*

### करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार में ग्राहकों की खासी चहल-पहल रही

# बाजार में बेरिकेड्स बेअसर, दिनभर चौपहिया वाहनों के आने से लगा जाम






झज्जर। अंबेडकर चौक पर लगाए नाके से बाजार में प्रवेश करती गाड़ी,चौपहिया वाहनों के प्रवेश के चलते बाजार में बनी जाम की स्थिति। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

करवा चौथ पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार में ग्राहकों की खासी चहल-पहल रही। इस दौरान छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन भी जारी रहा, जिस कारण लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस द्वारा बाजार के मुख्य प्रवेश पर बेरिकेड्स भी लगाया गया, लेकिन पूरा दिन पुलिसकर्मियों के तैनात न होने के चलते वाहन दोपहर के समय बाजार में प्रवेश कर गए। बता दें कि मेन बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर तथा सड़क किनारे फड़ और अस्थायी स्टॉल सजा कर बाजार को संकीर्ण बना दिया है। तंग हुए बाजार के रास्तों में गाड़ियों के आवागमन से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में एक वाहन फंसने पर पूरा रास्ता ठप हो जाता है। वैसे त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पुराना बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड परिसर में अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की हुई है लेकिन बाजार के अंदर चौपहिया वाहनों के प्रवेश वा रोक नहीं लगा पाने के कारण यह व्यवस्था बेअसर साबित हुई।

#### नाकों पर रहेंगे पुलिस कर्मी तैनात

यातायात थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मेन बाजार के मुख्य प्रवेश मार्गों पर बेरिकेड्स लगा दिए गए हैं। शनिवार से इन प्रवेश मार्गों पर पुलिस कर्मियों की नियमित ड्यूटी लगा दी गई है। त्योहारी सीजन के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी ना, इसके लिए पुलिस के स्तर पर पूरी तैयारी कर ली गई है।

# बदलते मौसम में लोगों को हो रही सूखी खांसी, सर्दी व एलर्जी

*एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में आ रहे उतार-चढ़ाव तथा हल्की ठंड के कारण बढ़ी मरीजों की संख्या*



मोनिल कादियान, वरिष्ठ चिकित्सक।

■ ठंडी वस्तुओं से परहेज करें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक की सलाह लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। पिछले एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में आ रहे उतार-चढ़ाव तथा हल्की ठंड के कारण एलर्जी, सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सरकारी व निजी अस्पतालों में इन दिनों कान, गला और छाती में ठंड लगने की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि तापमान में अचानक बदलाव, हवा में नमी और धूलकणों की मात्रा बढ़ने से लोगों में एलर्जी के मामले अधिक देखने को मिल रहे हैं। सूखी खांसी, गले में दर्द, छींके आना, सांस लेने में तकलीफ और कान बंद होने जैसी समस्याएं पिछले कुछ दिनों से आम हो गई हैं। उन्होंने बताया कि सुबह के समय हल्की ठंड और दोपहर में तेज धूप निकलने के कारण शरीर का तापमान असंतुलित हो जाता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। लोगों को सलाह दी कि इस मौसम में अपने खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। ठंडी वस्तुओं से परहेज करें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक की सलाह लें। शुक्रवार को मौसम साफ रहा। दिन का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अध्यापिकाओं को बताया करवा चौथ का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राय साहब पंडित बसंत लाल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित हिमालय हाई स्कूल में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका लीला देवी ने अध्यापिकाओं को करवा चौथ पर्व के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि करवा चौथ पर्व का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखती हैं जो पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। यह त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान अध्यापिकाओं ने एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी भी लगाई।



झज्जर। बसंत लाल एजुकेशन सोसायटी में हाथों पर लगाई मेहंदी दिखातीं अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

## किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज

**झज्जर।** एथलेटिक्स संघ द्वारा पुलिस लाइन के खेल मैदान में शनिवार को दूसरी किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला एथलेटिक्स संघ के प्रधान जय प्रकाश जाखड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के तौर पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह को आमंत्रित किया गया है। चार वर्गों में होने वाली प्रतियोगिता में आठ से चौदह आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रातः आठ बजे शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता के अंडर 8 आयु वर्ग में 60 व 80 मीटर दौड़, लंबी कूद, किड्स जैवलिन का आयोजन होगा। जबकि अंडर 10 आयु वर्ग में 60, 80 व 100 मीटर दौड़ ,लंबी कूद, किड्स जैवलिन, अंडर 12 आयु वर्ग में 60, 80, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, किड्स जैवलिन तथा अंडर 14 आयु वर्ग में 80, 100, 200, 400 व 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, 80 मीटर बाधा दौड़, किड्स जैवलिन आदि प्रतियोगिता कराई जाएंगी। एथलेटिक्स संघ के सचिव चरण सिंह राठी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को खेलों के प्रति जागरुक करना है।

## सीएम कार्यालय ने की समाधान शिविरों की समीक्षा




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिले में आयोजित समाधान शिविरों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों की बेहतर प्रगति पर सराहना की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त शिकायतों और मांगों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि शिकायतों के निपटान का कार्य निर्धारित अवधि में पूरे हों। उन्होंने सभी एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मामलों की समीक्षा करें और जिन मामलों में विभागीय समन्वय की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता से सुलझाया जाए।

# अनाज मंडी में बढ़ी बाजरे और धान की आवक

### आढ़तियों का खरीद पर जोर



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में बाजरे के उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में कट्टों की सिलाई करते हुए श्रमिक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

*जिले की मंडियों में आया 19710 मीट्रिक टन बाजरा, 8894 एमटी की निजी खरीद*


जिले की अनाज मंडियों में बाजरे और धान की आवक निरंतर बढ़ रही है। मंडियों में निजी स्तर पर धान और बाजरे की खरीद की जा रही है। जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अनुसार अब तक 19 हजार 710 मीट्रिक टन बाजरा की आवक दर्ज की गई है। जिसमें से आढ़तियों द्वारा निजी तौर पर 8 हजार 894 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा जा चुकी है। किसानों सरकार द्वारा निर्धारित भावांतर स्कीम का लाभ दिया जाएगा। मंडियों में खरीफ फसलों की खरीद को लेकर संबंधित विभागों द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसान सुगमता के साथ बाजरा बिक्री कर सकते हैं।

#### अनाज मंडी में ढ़ाई हजार क्विंटल हुई धान की आवक

अनाजमंडी में धान की आवक नियमित हो रही है। मंडी के आढ़तियों द्वारा धान की खरीद भी साथ-साथ की जा रही है। अनाजमंडी में करीब 2500 क्विंटल धान आ चुका है, जिसमें धान की किस्म 1509 व 1692 शामिल है। मंडी आढ़ती विनोद पूनिया ने बताया कि शुक्रवार को धान की बोली न्यूनतम 2700 तथा अधिकतम बोली 2900 रुपये प्रति क्विंटल रही। उधर, प्राइवेट स्तर पर की जा रही बाजरा खरीद की बात करें तो आढ़ती किसान से 1900 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदते थे जिसके चलते बारदाना व उठान लागत लगाने के बाद दो हजार रुपये से अधिक कीमत में पड़ता था। अब बाजरे में कमी निकालकर उनके द्वारा लोड किया बाजरा ही 1900 रुपये प्रति क्विंटल से मांगा जा रहा है। ऐसे में अब किसानों की फसल में नमी की मात्रा को देखते हुए कम दर पर बाजरे की खरीद हो रही है।

*कुरूक्षेत्र में अपराधिक कानून पर प्रदर्शनी*

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया



झज्जर। प्रदर्शनी में शामिल डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के दौरान कुरुक्षेत्र के मेला ग्राउंड में लगी आपराधिक कानून विषय से संबंधित प्रदर्शनी दिखाई गई। प्रदर्शनी का उद्देश्य हाल ही में भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए सुधारों और प्रमुख बदलावों के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को शिक्षित करना रहा।

> शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद रहा : पंकज

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न जानकारी पूर्ण डिस्प्ले और संवादात्मक सत्रों का अवलोकन किया। जिनमें नए कानूनों की न्याय, पारदर्शिता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भूमिका को दर्शाया गया था।

स्कूल के प्राचार्य पंकज वालिया ने बताया कि यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद रहा।

## ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कर रहे जागरूक

**झज्जर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गांवों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे है। सीजेएम विशाल ने बताया कि शनिवार को गांव लोहारहेड़ी, रविवार को गांव जसौर खेड़ी और सोमवार को गांव न्यौला में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक बीमारियों से जुड़ी भ्रांतियों और इनसे निपटने के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविरों में मानसिक रूप से बीमार और दिव्यांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता नालसा द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रत्येक गांव में कैंप के सुचारू संचालन के लिए पैरा लीगल वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है।



विशाल, सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

■ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरुकता अभियान

### वीसी डॉ. अग्रवाल बोले-अब मानसिक रूप से परेशान या नशे से पीड़ित व्यक्ति को घर बैठे मिलेगी मदद

# पीजीआई में व्यसन निवारण हेल्पलाइन व एडवांस साइकेट्री ब्लॉक शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो अहम पहल की शुरुआत की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एचके अग्रवाल ने व्यसन निवारण सामुदायिक हेल्पलाइन 01262-299091 का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह सेवा उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जो मानसिक रूप से परेशान हैं या नशे की समस्या से जूझ रहे हैं। अब ऐसे लोगों को परामर्श या इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, वे इस नंबर पर कॉल करके घर बैठे विशेषज्ञों से मदद प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर एडवांस साइकेट्री ब्लॉक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शिलान्यास भी किया गया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इस सेंटर में न्यूरो मॉड्यूलेशन थेरेपी, डिजिटल एकेडमी, टेलीसाइकेट्री स्टूडियो और एआई आधारित लैब की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि आजकल हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में तनाव से गुजर रहा है, जिसका सबसे बड़ा कारण है एक-दूसरे से संवाद में कमी। लोग वास्तविक दुनिया की बजाय वर्चुअल दुनिया में अधिक समय बिता रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सोशल मीडिया पर कम और अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ अधिक समय बिताएं, क्योंकि यही मानसिक शांति का सबसे बड़ा स्त्रोत है।



#### जागररुकता के लिए पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई

आईएमएच निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई, ताकि लोग समझ सकें कि मानसिक रूप से सशक्त रहना कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल या उत्तराखंड जैसी जगहों पर आई प्राकृतिक आपदाओं ने दिखाया कि आपातकालीन स्थिति में मानसिक दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण होती है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि एडवांस साइकेट्री ब्लॉक खुलने से प्रदेश के लोगों को उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

#### व्यसन निवारण हेल्पलाइन

मानसिक तनाव या नशे की समस्या से जूझ रहे लोग अब 01262-299091 नंबर पर कॉल कर विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा मरीज को सही इलाज की दिशा दिखाएगी और उसे मानसिक रूप से संभलने में मदद करेगी। नए सेंटर में न्यूरो मॉड्यूलेशन थेरेपी, डिजिटल एकेडमी, टेलीसाइकेट्री स्टूडियो और एआई लैब की सुविधा मिलेगी, जिससे प्रदेश के मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का नया आयाम प्राप्त होगा।

## चिकित्सकों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल सांईसिंज में अब रोटेटरी हेडशिप की मांग ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है और इस बार चिकित्सकों के जोश को देखकर लग रहा है कि चिकित्सक अब रोटेटरी हेडशिप को पीजीआईएमएस में लागू करवाए बिना पिछे हटने वाले नहीं है। इसी संबंध में शुक्रवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके अग्रवाल को शुक्रवार को हरियाणा स्टेट मेडिकल टीचर एसोसिएशन की तरफ से दर्जनों चिकित्सकों ने 200 चिकित्सकों द्वारा किए गए हस्ताक्षरों वाला एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रोहतक में रोटेटरी हेडशिप लागू करने की मांग की गई है।

**सूचना**

मैं, संजीत राठी पुत्र श्री सुरजभान राठी निवासी मकान नंबर-24/07, नेहरू पार्क, गुरु नानक कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी सगी लड़की जय श्री (Jai Shree) का घरेलू नाम जुही (Juhi) है। उसकी मां का नाम सुमन है। जय श्री (Jai Shree) और जुही (Juhi) दोनों एक ही लड़की अर्थात मेरी ही सगी लड़की के नाम हैं। भविष्य में जुही (Juhi) को जय श्री (Jai Shree) के ही नाम से जाना व पहचाना जाए।

**NOTICE**

I, Shri Krishan Kaushik S/o Net Ram Sharma R/o 545 Village Lowa Khurd, PO Nuna Majra Lawa Khurd, Bahadurgarh, Jhajjar, Haryana-124507 declare that my correct and true name & my father name is Shri Krishan Kaushik S/o Net Ram Sharma. My name is mentioned as Shri Krishan Kaushik S/o Net Ramt Sharma and Shri Krishan S/o Net Ram in Govt record. Shri Krishna Kaushik S/o Net Ram Sharma & Shri Krishan S/o Net Ram is same name of one person i.e. myself.


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
DISCOUNT UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE ₹2 2KG SUGAR
BIGGEST Diwali SALE
8 OCT. TO 20 OCT.
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT
REAL FRUIT JUICE
25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.
PRO V DRY FRUITS
BUY 1 GET 1 FREE
PRO V GIFT PACK - ALMOND - CASHEW - PISTA - RAISINS
PARLE
BUY 1 GET 1 FREE
PARLE - GIFT PACKS
FRESCA JUICE
upto 66% OFF
HAZAM JEERA - JUICE - CELEBRATING MEMORIES JUICE
HALDIRAM'S
upto 15% OFF
CHATPATI BAATEIN - KABHI KHATTA KABHI MEETHA - SWEET & SPICY
WOW VILLAGE
BUY1 GET2 FREE
BESAN BURFI - PANJIRI LADDO - KAJU KATLI - RASGULLA
CADBURY
upto 20% OFF
CADBURY CELEBRATIONS GIFT PACK
McVitie's
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
UNIBIC
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM'S
BESAN LADOO & PANJEERI LADOO
BTW GIFT PACK
BUY 1 GET 1 FREE
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA
SATMOLA
BUY 1 GET 1 FREE
RASGULLA - SOAN PAPDI - NAMKEEN
BAJAJ
upto 40% OFF
MIXER - JUICE MAKER - IRON - KETTLE AND MORE.
LUMINARC
upto 40% OFF
CROCKERY AND GLASSWARE
upto 70% OFF
BOUNVILLE BEDSHEETS
CHINAR
upto 40% OFF
BEDSHEETS - YOGA MAT - PILLOW - MAT -TOWELS AND MORE.
MILTON
upto 50% OFF
MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE
Bahadurgarh Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Dighal Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
Sonipat ITI Chowk, near Sai Mandir, Bhagat Pura, Sonipat, Haryana 131001 Contact: +91 90530 87555
Sampla Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Rohtak Near D2M Hotel, New Bus stand road, Rohtak, Haryana. Contact: +91-81999 99480
Karnal Address: Elenta Mart, Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal. Contact: +91-9053086555
Jhajjar W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Gohana Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Rohtak Model Town Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak. Contact: +91-9350999480
TERMS & CONDITION : PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart